आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार ने 'आपराधिक न्यायिक प्रणाली प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' शीर्षक से कल कोलकाता में सम्मेलन का आयोजन किया।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस जून को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

- द्वीपसमूह में आज ईद–उल–अजहा का त्यौहार मनाया जा रहा है।

- द्वीपसमूह में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कई मामलों का निपटान किया गया।

  और

- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमें साइबर सुरक्षा के प्रति अपने जिम्मेदारियों का पालन करना होगा।

<><><><><><><>

सरकार ने 'आपराधिक न्यायिक प्रणाली प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' शीर्षक से कल कोलकाता में सम्मेलन का आयोजन किया गया। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सम्मेलन का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि तीन नए अपराधिक कानून लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए बनाये गये हैं। श्री मेघवाल ने कहा कि देश की स्थिति और समय के अनुसार कानूनों में बदलाव की आवश्यकता होती है। श्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि देश के कई वर्गों की ओर से, ब्रिटिश काल के इन कानूनों में बदलाव की मांग की जा रही थी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस जून को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस कार्यक्रम की यह एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी और श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहला कार्यक्रम होगा। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर – 1 8 0 0 1 1 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई गव ओपन फोरम पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। अट्ठाईस जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क तथा आकाशवाणी समाचार और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। इसे आकाशवाणी समाचार डी डी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनल पर भी सुना जा सकेगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

इक्कीस जून को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल सोशल मीडिया पर योग करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। उन्होंने लोगों से योग के लाभों के लिए योगाभ्यास करने का आग्रह किया। वीडियो में स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में पादहस्त आसन के बारे में जानकारी दी गई है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज ईद–उल–अजहा का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपने संदेश में द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार हमें त्याग, बलिदान एवं निःस्वार्थ सेवा भाव से लोग कल्याण हेतु समर्पण की भावना देता है। उपराज्यपाल ने कहा कि यह त्यौहार सभी द्वीपवासियों के जीवन में समृद्धि लाएं और हमारा यह द्वीपसमूह शान्ति और प्रगति के पथ पर निरंतर आग्रसर होता रहे।

नव–निर्वाचित सदस्य बिष्णु पद रे लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है और कहा कि यह पवित्र दिन द्वीपवासियों के लिए, शान्ति, सद्भावना और भाईचारा लाए। उन्होंने कहा कि त्याग, करूणा और भाईचारा का प्रतीक यह त्यौहार हमारे जीवन में शान्ति और समृद्धि का संदेश लाता है। यह त्यौहार एक दूसरे के प्रति कर्तव्यों और ज़िम्मेदारियों की याद दिलाता है।

द्वीपों के पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने ईद उल–अजहा पर द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई दी है। यह त्यौहार हमें न केवल भौतिक अर्थ में, निःस्वार्थता–उदारता और दूसरों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की इच्छा के संदर्भ में भी बलिदान की महत्व की याद दिलाता है।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने भी ईद उल–अजहा पर अपनी शुभकामनाएं दी है।

इस सिलसिले में अबरडीन बाजार के जामा मस्जिद में सुबह साढ़े सात बजे और सप्लाई लाईन पुलिस मस्जिद में सात बजकर पैंतालिस मिनट पर ईद की नमाज़ अदा की जाएगी। जुम्मा मस्जिद टुसनाबाद में सुबह सात बजकर पचास मिनट पर ईद की नमाज़ अदा की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कई मामलों का निपटान किया गया। राज्य विधि सेवा प्राधिकरण और ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से पोर्ट ब्लेयर में प्रयास भवन के अलावा मायाबंदर और डिगलीपुर के न्यायालय परिसरों में आयोजित इन अदालतों में मुकादमा पूर्व कई मामलों का समाधान किया गया। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से कलकता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के साथ अन्य न्यायाधिशों ने किया। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायलयों में लम्बित कई मामलों को निपटाया गया। नब्बे से अधिक बैंक प्राप्ति के मामलों को भी सुलझाया गया। मायाबंदर और डिगलीपुर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में भी कई मामलों को सुलझाया गया।

<><><><><><><>

तेरेसा द्वीप में आज से निः शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान की ओर से दो जुलाई तक चलने वाले आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉक्टर और अन्य अर्ध–चिकित्साकर्मी तेरेसा द्वीप में आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम के तहत मरीजों का इलाज करेंगे।

<><><><><><><>

साइबर सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अण्डमान निकोबार पुलिस और अण्डमान निकोबार कमान ने हाथ मिलाया है। साइबर अपराध पुलिस थाना की साइबर सुरक्षित विभाग के प्रयासों के तहत ब्रिजगंज में सैन्य सभागार में साइबर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। अण्डमान निकोबार कमान के लिए आयोजित जागरूकता सत्र का उद्देश्य साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर ऑनलाइन, धोखाधड़ी, हनीट्रैप और डाटा को सुरक्षित करने के बारे में जानकारी दी गई, ताकि एक सुरक्षित डिजीटल वातावरण समुदाय में कायम हो सके और वे साइबर धोखाधडी से बच सकें। पहले सत्र का संचालन पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि हमें साइबर सुरक्षा के प्रति अपने

जिम्मेदारियों का पालन करना होगा और साइबर सुरक्षा के उपायों को अपनाना होगा। अण्डमान निकोबार कमान के कमाण्डर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बाला कृष्णन ने पुलिस महानिदेशक के छोटे कार्यकाल के दौरान पुलिस बल को आधुनिक बनाने और साइबर अपराध से मुकाबला करने के लिए बल को सक्षम बनाने के लिए उनकी सराहना की। पुलिस विभाग की ओर से इसी तरह का सत्र पहले क्षेत्रीय तटरक्षक मुख्यालय में भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर साइबर अपराध के उप–पुलिस अधीक्षक लक्ष्य पाण्डे ने साइबर सुरक्षा की विभिन्न आयामों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान कोच्ची के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। मरीन ऑर्नामेंटल फिश ब्रिडिंग पर दो से चार जुलाई तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों को निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन बीस जून तक अंचल मत्स्य कार्यालय या मत्स्य उप–केन्द्रों में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

विभिन्न इंजीनियरिंग एवं गैर–इंजीनियरिंग ट्रेडों के लिए शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत नियमित एवं निजी प्रशिक्षुओं के लिए सत्र–दो हजार तेईस–चौबीस और दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ट्रेड प्रयोगिक एवं कम्प्युटर आधारित अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा एक अगस्त से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज, बकुलतला और एरोंग में आरंभ होगी। परीक्षा की समय सारणी संस्थान के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है।

<><><><><><><>